# 'प्रदेश की इकॉनमी भी मजबूत कर रही ब्रह्मोस'

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच को फ्लैग ऑफ करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने जरूरत पड़ने पर डीआरडीओ को और जमीन देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ की भूमि अब सोना उगल रही है। आज डीजी ब्रह्मोस ने 40 करोड़ का जीएसटी चेक सौंपा है। हर वर्ष 100 ब्रह्मोस मिसाइल बनेंगी, जो बढ़कर 150 तक पहुंचेंगी, तो 150-200 करोड़ रुपये का जीएसटी मिलेगा। यह 'आम के आम और गुठली के दाम' जैसा है। यह देश की सुरक्षा की पूर्ति कर रही है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रही है।

> मिसाइल के पहले बैच के फ्लैग ऑफ में सीएम बोले-लखनऊ की भूमि सोना उगल रही

**'दो सेंटर ऑफ एक्सिलेंस पर काम प्रगति पर है' :** सीएम योगी ने झांसी में 56,000 एकड़ के नए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का जिक्र किया और कहा कि चित्रकूट में एक्सप्रेस-वे पर नोड विकसित हो रहा है। आईआईटी कानपुर और बीएचयू के साथ दो सेंटर ऑफ एक्सिलेंस पर काम चल रहा है। उन्होंने मेक इन इंडिया को मेक फॉर द वर्ल्ड बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयास से ब्रह्मोस लखनऊ में विकसित हुई है। जब व्यक्ति सुरक्षित रहता है, तभी चैन की नींद सोता है।

कहा कि लखनऊ में पीएम मोदी के 'मेक इन इंडिया' संकल्प को साकार करने का यह क्षण प्रफुल्लित करने वाला है। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस, झांसी में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और अमेठी में एके-203 जैसे प्रॉजेक्ट चल रहे हैं। अब तक 2,500 एकड़ से अधिक लैंड इन 6 नोड्स में उपलब्ध करवाई गई है, जिससे 15,000 से अधिक नौजवानों को नौकरियां मिली हैं।

## फ्लैग ऑफ सेरेमनी के साथ कई कार्यक्रम हुए

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने बूस्टर भवन का उद्घाटन भी किया, जो ब्रह्मोस प्रॉजेक्ट की क्षमता विस्तार की दिशा में अहम कदम है। साथ ही दोनों ने बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखा। इसी क्रम में एयरफ्रेम और एवियोनिक्स, वॉरहेड भवन में पीडीआई (प्री डिस्पैच इंस्पेक्शन) और ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रेजेंटेशन भी दिखाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही रुद्राक्ष के पौधे का वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान स्टोरेज ट्रॉली प्रदर्शन और मोबाइल ऑटोनमस लॉन्चर का प्रदर्शन भी हुआ। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद बृजलाल, डॉ. दिनेश शर्मा, संजय सेठ, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक राजेश्वर सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि व रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अधिकारी मौजूद रहे।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व यूपी के सीएम योगी ने टाइटेनियम और सुपर एलॉय मटीरियल्स प्लांट का लोकार्पण किया व पीटीसी इंडस्ट्रीज का भ्रमण किया।